**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 416**
**मंगलवार, 02 दिसंबर, 2025/11 अग्रहायण,1947 (शक) को उत्तरार्थ**

# डेयरी, मत्स्यपालन, हथकरघा और ग्रामीण उद्योगों में सहकारी समितियों को सुदृढ़ करना

**†416. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डीः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना राज्य में डेयरी, मत्स्यपालन, हथकरघा / बुनाई और अन्य ग्रामीण उद्योगों के क्षेत्रों में वर्तमान में कार्यरत सहकारी समितियों का ब्यौरा क्या है तथा उनकी संख्या, सदस्यता और परिचालन स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान इन सहकारी समितियों को कोई वित्तीय सहायता, आधुनिकीकरण समर्थन, प्रशिक्षण या अवसंरचना विकास प्रदान किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नाबार्ड, एनसीडीसी तथा अन्य एजेंसियों के माध्यम से दी गई सहायता सहित केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत तेलंगाना में सहकारी समितियों को स्वीकृत और जारी की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार का विचार तेलंगाना में नई मल्टी-पर्पज कोऑपरेटिव, डेयरी/मत्स्यपालन/हैंडलूम उत्पादन सहकारी, या सहकारी-आधारित प्रसंस्करण इकाई बनाने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तेलंगाना में प्राथमिक सहकारी समितियों को मज़बूत करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि इन सेक्टर में लगे सदस्यों के लिए इनकम बढ़ाने, वैल्यू एडिशन और मार्केट लिंकेज बढ़ाए जा सकें?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के अनुसार, तेलंगाना में कुल 60,860 सहकारी समितियां हैं जिनमें लगभग 1 करोड़ सदस्यों के साथ 48,186 समितियां कार्यशील हैं । दिनांक 15.11.2025 के अनुसार सहकारी समितियों और उनकी सदस्यता का क्षेत्र-वार ब्योरा **संलग्नक-1** पर संलग्न है ।

(ख) और (ग): सहकारिता मंत्रालय, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) के माध्यम से तेलंगाना में लगातार सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करा रहा है जिन्हें क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थानों (RICMs)/ सहकारी प्रबंध संस्थानों (ICMs) द्वारा प्रदान किया जा रहा है । विगत पांच वर्षों के दौरान तेंलगाना में विभिन्न क्षेत्रकों की सहकारी समितियों को प्रदत्त प्रशिक्षण का ब्योरा निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | वर्ष | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 1174 |
| 2. | 2021-22 | 1968 |
| 3. | 2022-23 | 2407 |
| 4. | 2023-24 | 9448 |
| 5. | 2024-25 | 5639 |

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने सहकारी समितियों को अपनी अवसंरचना और व्यवसाय विकास के लिए वित्तीय सहायता/अनुदान प्रदान किया है। विगत पांच वर्षों में एनसीडीसी द्वारा तेलंगाना को संवितरित वित्तीय सहायता/अनुदान का ब्योरा **संलग्नक-2** पर प्रस्तुत है।

(घ) जी हां, मान्यवर। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के दिनांक 15.11.2025 की स्थिति के अनुसार, तेलंगाना राज्य में दिनांक 15.02.2023 के बाद 174 बहुद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 102 बहुद्देशीय मात्स्यिकी सहकारी समितियां सहित कुल 276 बहुद्देशीय सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं।

(ङ) सहकारिता मंत्रालय ने दिनांक 6 जुलाई, 2021 को अपनी स्थापना के बाद से "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना को साकार करने और देश में प्राथमिक से लेकर शीर्षस्थ स्तर की सहकारी समितियों में सहकारी आंदोलन को सशक्त और सघन करने के लिए विभिन्न पहलें की हैं। इन पहलों में पैक्स को 25 से भी अधिक व्यावसायिक कार्यकलाप करने में सक्षम बनाने; उनके शासन, पारदर्शिता, और कार्यकलापों की जवाबदेही में सुधार के लिए आदर्श उपविधियां अधिसूचित करना शामिल हैं। अब पैक्स, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSKs), प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र (PMBJKs), कॉमन सेवा केंद्रों (CSC), इत्यादि के रूप में कार्य कर सकते हैं।

सहकारी समितियों के सदस्यों को बाजार लिंकेज प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ, पैक्स द्वारा नए किसान उत्पादक संगठन (FPO) और मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (FFPO) बनाने की अनुमति प्रदान कर दी है जिससे उनको अपनी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त करने के लिए बाजार लिंकेज प्रदान किया जा सके। डेयरी क्षेत्र के लिए सहकारिता मंत्रालय ने "श्वेत क्रांति 2.0" का शुभारंभ किया है जिसका लक्ष्य अनाच्छादित क्षेत्रों में डेयरी किसानों को बाजार पहुंच प्रदान कर और संगठित क्षेत्र में डेयरी सहकारी समितियों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर आगामी पांच वर्षों में सहकारी समितियों द्वारा दुग्ध प्रापण को वर्तमान स्तर से 50% तक बढ़ाना है।

******

**संलग्नक-I**

**तेलंगाना राज्य में समितियों और उनकी सदस्यता का सेक्टर-वार ब्योरा**

| **क्रम सं.** | **सेक्टर** | **समितियों की कुल सं.** | **कार्यशील समितियों की सं.** | **सदस्यों की सं.** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि और संबद्ध सहकारी समिति | 880 | 524 | 23,136 |
| 2 | कृषि प्रसंस्करण/औद्योगिक सहकारी समिति | 235 | 99 | 3,962 |
| 3 | मधुमक्खी पालन सहकारी समिति | 0 | 0 | 0 |
| 4 | उपभोक्ता सहकारी समिति | 405 | 58 | 15,429 |
| 5 | क्रेडिट और थ्रिफ्ट समिति | 24,144 | 21,507 | 50,36,611 |
| 6 | डेयरी सहकारी समिति | 2,261 | 1,447 | 54,156 |
| 7 | शैक्षणिक और प्रशिक्षण सहकारी समिति | 1 | 1 | 15 |
| 8 | मात्स्यिकी सहकारी समिति | 5,089 | 4,956 | 3,37,816 |
| 9 | हस्तशिल्प सहकारी समिति | 148 | 121 | 1,761 |
| 10 | हथकरघा और बुनकर सहकारी समिति | 419 | 170 | 35,560 |
| 11 | आवासन सहकारी समिति | 2,870 | 1,036 | 1,40,883 |
| 12 | जूट और कॉएर सहकारी समिति | 0 | 0 | 0 |
| 13 | खादी ग्रामोद्योग | 2 | 2 | 45 |
| 14 | श्रमिक सहकारी समिति | 4,303 | 1,251 | 39,699 |
| 15 | पशुधन और कुक्कुटपालन सहकारी समिति | 7,973 | 7,473 | 6,21,906 |
| 16 | विपणन सहकारी समिति | 669 | 621 | 27,883 |
| 17 | विविध क्रेडिट सहकारी समिति | 352 | 84 | 1,387 |
| 18 | विविध गैर-क्रेडिट | 6,829 | 5,301 | 2,65,218 |
| 19 | बहुद्देशीय सहकारी समिति | 23 | 7 | 281 |
| 20 | प्राथमिक कृषि क्रेडिट समिति (PACS/FSS/LAMPS) | 909 | 908 | 28,93,243 |
| 21 | रेशम उत्पादन सहकारी समिति | 5 | 1 | 20 |
| 22 | समाज कल्याण और सांस्कृतिक सहकारी समिति | 1,070 | 587 | 1,04,238 |
| 23 | चीनी मिल सहकारी समिति | 2 | 0 | 0 |
| 24 | पर्यटन सहकारी समिति | 1 | 1 | 12 |
| 25 | परिवहन सहकारी समिति | 22 | 4 | 78 |
| 26 | जनजातीय-अ.ज./अ.ज.जा. सहकारी समिति | 33 | 13 | 94,263 |
| 27 | शहरी सहकारी बैंक (UCB) | 70 | 47 | 1,86,539 |
| 28 | महिला कल्याण सहकारी समिति | 2,145 | 1,967 | 1,76,140 |
| | **कुल** | **60,860** | **48,186** | **1,00,60,281** |

*स्रोत: दिनांक 15.11.2025 के अनुसार NCD पोर्टल ।*

**<u>संलग्नक- 2</u>**

**एनसीडीसी द्वारा तेलंगाना में कार्यकलाप-वार संवितरण का ब्योरा (वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26)**

**(करोड़ रुपये)**

| **क्रम सं.** | **कार्यकलाप** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26 (31.10.2025 तक)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डेयरी और पशुधन | 38.07 | 489.27 | 45.18 | 241.47 | | |
| 2 | FPO | | 0.11 | 1.59 | 1.32 | 8.83 | 12.01 |
| 3 | मत्स्य पालन | 73.91 | 106.20 | 206.43 | | 0.02 | 0.01 |
| 4 | मत्स्य पालन FPO (FFPO) | | | 0.04 | 0.17 | 0.21 | 0.02 |
| 5 | इनपुट्स | 3.90 | | | 0.50 | | 1.00 |
| 6 | सेवा सहकारी समिति | 200.00 | 495.00 | 51.00 | | 2,246.00 | 102.99 |
| 7 | विपणन | 420.00 | | 9,000.00 | 11,929.80 | 18,733.71 | 17,000.00 |
| 8 | भंडारण | 1.74 | 1.62 | 0.72 | 0.79 | 0.50 | 0.44 |
| 9 | कृषि प्रसंस्करण | 2.25 | | | | | |
| 10 | जूट | | | | 0.05 | 0.06 | |
| | **कुल** | **739.87** | **1,092.20** | **9,304.97** | **12,174.11** | **20,989.33** | **17,116.47** |

**स्रोत: एनसीडीसी**